हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 2 नवंबर 2025



तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

फसल चक्र परिवर्तन और प्राकृतिक खेती से होगा जल संरक्षण एवं किसानों की आय में वृद्धि : महोबे

4



## खबर संक्षेप

### एआईसीसी सदस्य गिरीश देवांगन का आगमन आज

**जांजगीर-चांपा।** एआईसीसी सदस्य,पूर्व महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पूर्व अध्यक्ष खनिज विकास निगम गिरीश देवांगन का रविवार 2 नवंबर को जिला आगमन हो रहा है। वे रविवार को निवास खरोरा (रायपुर) से दोपहर 2 बजे निकलकर शाम 4:30 बजे भैंसों (पामगढ़ ) पहुंचकर नवधा रामायण आयोजन में सम्मिलित होकर पूजन व दर्शन करेंगे।

### राज्य स्तरीय स्व आकलन प्रतियोगिता परीक्षा आज

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में राज्य स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय निशुल्क, स्व आकलन प्रतियोगिता परीक्षा रविवार 2 नवंबर को रखा गया है। इस संबंध में परीक्षा समिति के डायरेक्टर बुद्धेश्वर कुमार कश्यप ने बताया कि परीक्षा में बैठने वाले बच्चे 15 अक्टूबर तक ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीका से फॉर्म भरे हैं। इस राज्य स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय निशुल्क, स्व आकलन प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षा 2 नवंबर को सुबह 10 बजे से रखा गया है। इसका परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा और देव पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल बसंतपुर बिर्रा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव जिला सारंगढ़ को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रतियोगिता परीक्षा हिंदी मीडियम और अंग्रेजी मीडियम दोनों में होगा।

### धीवर समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम डोंगाकोहरौद में निर्मित धीवर समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण पामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक श्रीमती इंदु बंजारे द्वारा रविवार 2 नवंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आर एल धीवर संरक्षक धीवर समाज महासभा जांजगीर, देवव्रत भीष्म अध्यक्ष धीवर समाज महासभा जांजगीर, सुखराम धीवर रेंज संरक्षक लोहर्सी रेंज उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता अमृत ढीमर अध्यक्ष धीवर समाज रेंज लोहर्सी, रामलाल धीवर सचिव लोहर्सी रेंज करेंगे।

### सिलादेही में श्याम कार्तिक मेला महोत्सव 5 से

**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही में बुधवार 5 नवंबर से पांच दिवसीय श्याम कार्तिक मेला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में समाज सेवक छबि पटेल ने बताया कि मेला महोत्सव का आयोजन 5 नवंबर से रखा गया है। मेला उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा और विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपी सिंह क्षत्रिय उपाध्यक्ष भाजपा जिला सक्ती ,आशीष तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष बम्हनीडीह, श्रीमती मनीषा चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह होंगे। श्याम कार्तिक मेला का समापन 9 नवंबर को होगा।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 7 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 7 नवम्बर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक सेफ इंटेलिजेंट सिक्युरिटी सर्विस रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100 पद, स्पेशल गार्ड 50 पद, सिक्युरिटी सुपरवाईजर 25 पद, लेबर 20 पद,फील्ड ऑफिसर 06 पद,सिक्युरिटी ट्रेनिंग (एस.ओ.) 3 पद, मार्केटिंग मैनेजर 2 पदों पर भती की कार्यवाही की जावेगी।

# ऑपरेशन 'शिक्षा उपहार' देगी ड्रॉपआउट बच्चों को नई दिशा, सर्वे कर फिर से भेजा जाएगा स्कूल और कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अपराधों की रोकथाम के लिए जिला पुलिस ने एक अनूठा और सामाजिक दृष्टि से सराहनीय कदम उठाया है। जिले में जल्द ही ऑपरेशन 'शिक्षा उपहार' नामक एक विशेष योजना शुरू की जाएगी। योजना का उद्देश्य उन ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से सही दिशा और अवसर प्रदान करना है, जो किसी कारणवश स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं।

ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान के लिए जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्राचार्यों के सहयोग से एक सर्वे अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को अपने क्षेत्र या मोहल्ले में रहने वाले ऐसे बच्चों की पहचान करनी है, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ दी है। यह सर्वे उन बच्चों पर केंद्रित रहेगा जो पारिवारिक या आर्थिक कठिनाइयों के कारण पढ़ाई जारी नहीं रख पाए, जो शिक्षा में कमजोर होने के बावजूद खेल, संगीत या अन्य कला में दक्ष हैं, अथवा जो गलत संगत या नशे की प्रवृत्ति के कारण अवैध गतिविधियों या अपराधों की ओर बढ़ गए हैं। इन बच्चों को अलग - अलग श्रेणियों में चिह्नित कर उनकी सूची तैयार की जाएगी, जिसके बाद जिला पुलिस टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था की जाएगी। ड्रॉपआउट बच्चों का बायोडाटा तैयार होने के बादशिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग सभी को जोड़कर बच्चों का पुनर्वास व उन्हें स्कूल कॉलेज भेजने की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। जिले के प्रमुख कॉलेजों के प्रिंसिपल और प्रोफेसरों की बैठक लेकर एस पी विजय पाण्डेय नए ड्रॉपआउट बच्चों के संबंध में आवश्यक चर्चा की और योजना की आवश्यक जानकारी दी। बैठक में टीसीएल कॉलेज जांजगीर, एमएमआर कॉलेज चांपा, जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर, केशरी शिक्षण समिति खोखरा, ज्ञान रोशनी लोक कल्याण संस्था खोखरा, डाइट प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर, कृषि महाविद्यालय जांजगीर, डीबीएम जांजगीर, ज्ञानदीप बी एड कालेज जांजगीर के प्राचार्य शामिल हुए।

## पढ़ाई के साथ ही पुर्नवास की व्यवस्था का भी प्लान

### अपराध रोकथाम की दिशा में सामाजिक नवाचार



पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने बताया कि इस योजना का मूल उद्देश्य सिर्फ अपराध रोकना नहीं है, बल्कि समाज में स्थायी शांति व्यवस्था बनाए रखना और युवाओं को अपराध से दूर कर मुख्यधारा में पुनः शामिल करना है। पिछले कुछ वर्षों में ड्रॉपआउट बच्चों की बढ़ती संख्या और उनके अपराधों में शामिल होने के मामलों ने चिंता बढ़ाई है। इसलिए अब पुलिस सीधे समाज और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से इस समस्या की जड़ पर कार्य करेगी। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी नागरिकों, शिक्षकों, सामाजिक संस्थाओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे ऑपरेशन शिक्षा उपहार योजना में सक्रिय सहयोग दें। यह योजना न केवल अपराध की रोकथाम में सहायक होगी, बल्कि बच्चों को एक नया जीवन, नया अवसर और सही दिशा प्रदान करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

स्वर्णा व महामाया वैरायटी में ज्यादा प्रकोप

# धान की फसल पर अंतिम समय में छाया लाल बदरा का काला साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

किसानों के चार माह की कड़ी मेहनत के बाद धान की फसल तैयार हुई है। फसल पर बालियां आ चुकी है, लेकिन बालिया सुनहरी होने की बजाए लाल हो रही है। कारण यह है कि अंतिम समय में फसल पर लाल बदरा की काली छाया पड़ गई है। किसान अपने स्तर पर दवा का छिड़काव कर रहे है, लेकिन इससे राहत नहीं मिल पा रही है।

कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में किसान धान की भरपूर पैदावार करते है। धान की खेती से ही अधिकांश किसानों का परिवार चलता है। किसानों ने चार माह तक कड़ी मेहनत कर फसल तैयार की है। धान की फसल पर अब बालियां भी आने लगी है। अंतिम समय में फसल पर पैनिकल माइट और पेनिकल ब्लाइट का प्रकोप देखा जा रहा है। लाल बदरा के प्रकोप से किसान इन दिनों परेशान नजर आ रहे है। हर गांव में 30 से 40 फीसदी फसल को इसने प्रभावित किया है।



ग्राम जेवरा के खेत में लगी फसल पर लाल बदरा।

स्वर्णा और महामाया वैरायटी में लाल बदरा का प्रभाव ज्यादा दिख रहा है। जिले में ज्यादातर किसान स्वर्णा धान की खेती करते है। नवागढ़ क्षेत्र में ही 50 से 60 फीसदी रकबे में स्वर्णा धान की खेती होती है। लाल बदरा के कारण लगभग 15 प्रतिशत नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फसल को बचाने के लिए किसान अपने स्तर पर दवा का छिड़काव कर रहे है। सब्जी की मकड़ी नाशक दवा का किसानों द्वारा छिड़काव किया जा रहा है, लेकिन इससे कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। लाल बदरा की रोकथाम के लिए किसान दवा छिड़काव में प्रति एकड़ एक हजार से 15 सौ रुपए खर्च कर चुके है। इसके बाद भी लाल बदरा का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। कृषक चेतना मंच के सह संयोजक संदीप तिवारी ने बताया कि इन दिनों लाल बदरा के चलते सभी किसान परेशान है। दवा की सही जानकारी नहीं मिलने के कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्वर्णा और महामाया धान में प्रति एकड़ औसतन 2 क्विंटल का नुकसान हो सकता है। अधिकारियों से कोई उचित सलाह नहीं मिल पा रही है। ऐसे में किसान परेशान नजर आ रहे है।

### किसानों को नहीं मिल रही सही जानकारी

किसानों का कहना है कि फसल पर लाल बदरा का कहर छाया है, लेकिन उन्हें जिम्मेदार अधिकारियों से कोई सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। बीमारी के कारण और उपचार की जानकारी नहीं मिलने से किसान अपने स्तर पर फसल को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। कृषक चेतना मंच ने इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर पेनिकल माइट की रोकथाम के लिए दल गठित कर जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से जांच के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर वैज्ञानिकों का दल गठित कर खेतों का मुआयना कराने और रोकथाम की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# राज्य स्थापना के तीन दिवसीय महोत्सव का आगाज आज

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 2 से 4 नवम्बर तक किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में होगा। महोत्सव का शुभारंभ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगा।

राज्योत्सव के अवसर पर जिले में 2 से 4 नवम्बर तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक शालेय छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति, सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही 2 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक गायक देवेश शर्मा (जय अम्बे जागरण ग्रुप) की प्रस्तुति, 3 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक गायक सुनील सोनी की प्रस्तुति, 4 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक बॉलीवुड बैंड बिलासपुर की प्रस्तुति एवं रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ी कलामंच लोकरंग अर्जुन्दा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।




जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में तैयार मंच।

### सक्ती में सांसद जांगड़े करेंगी महोत्सव का उद्घाटन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 2 से 4 नवम्बर तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप स्थित मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े होंगी। तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। प्रति दिवस अपराह्न 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उद्घाटन समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि विधायक विधानसभा सक्ती एवं नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, विधायक विधानसभा जैजैपुर बालेश्वर साहू, विधायक विधानसभा चन्द्रपुर रामकुमार यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चन्द्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती श्रीमती नीतू राय, अध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे, अध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा कवि वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा श्रीमती अरूणा महेंद्र सिंह सिदार, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद सक्ती श्याम सुंदर अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत डभरा दीपक साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार नारायण कुरें, अध्यक्ष नगर पंचायत जैजैपुर बलराम चन्द्रा, अध्यक्ष नगर पंचायत अड़भार कृष्णा रात्रे, अध्यक्ष नगर पंचायत चन्द्रपुर ओम प्रकाश देवांगन होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मेघाराम साहू, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, पूर्व विधायक निर्मल सिंहा, पूर्व विधायक केशव चंद्रा, टिकेश्वर गबेल, कृष्णकांत चंद्रा,श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव शामिल होंगे।

# प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

चखना सेंटर संचालक व अन्य पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर की दोपहर करीबन 3 बजे बिर्रा देशी मदिरा दुकान के पास चखना सेंटर में विक्रम चंद्रा अपने दोस्तो के साथ बैठकर शराब पी रहा था। विक्रम के एक साथी ने वही पर उल्टी कर दी। इसे देखकर चखना सेंटर संचालक अमन साहू के द्वारा दूर जाने की बात कही गई। इस पर बिक्रम तैश में आ गया और गाली गलौज करते हुए हत्या करने की नियत से कांच के बीयर को तोड़कर उस पर हमला कर दिया। इस बीच राजेन्द्र प्रसाद और लोचन प्रसाद भारद्वाज के द्वारा बीच बचाव किए जाने पर धारदार कांच के बीयर बाटल से उन पर भी हमला किया गया। इससे राजेन्द्र प्रसाद के दाहिना हाथ के कलाई व सिर में तथा लोचन प्रसाद भारद्वाज को गले में गंभीर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी विक्रम चंद्रा भागने की फिराक में था जिसे तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# जिले के 15 हजार से अधिक परिवारों ने किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर शनिवार 1 नवंबर को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को खुशियों की नई सौगात मिली।

नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्योत्सव स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे प्रदेश के 3 लाख 51 हजार से अधिक हितग्राहियों को सामूहिक गृह प्रवेश कराया। जांजगीर-चांपा जिले में भी इस कार्यक्रम के तहत 15 हजार से अधिक परिवारों ने अपने सपनों के घर में प्रवेश किया। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह आयोजन उत्सव की तरह मनाया गया। नवनिर्मित घरों में रंगोली, दीप प्रज्वलन और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश किया गया। प्रत्येक हितग्राही को खुशियों की चाबी सौंपी गई। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 15 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ की 25वीं वर्षगांठ को यादगार बना गया, बल्कि 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को भी साकार कर गया।



हितग्राहियों को चाबी सौंपते अतिथि।

धूमधाम से मनी देवउठनी एकादशी, शुरु होंगे मांगलिक कार्य

# गन्ने के मंडप में हुआ तुलसी व शालिग्राम का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से शयन में चले भगवान 4 माह बाद देवउठनी एकादशी को जाग गए। जिले में गन्ने का मंडप सजाकर पूरे विधि विधान से तुलसी व शालीग्राम का विवाह रचाया गया। एकादशी त्यौहार को लेकर बच्चे ने रात्रि में जमकर पटाखे फोड़े।

देवउठनी एकादशी के शुरूआत से ही मांगलिक कार्य शुरू हो जाते है। साथ ही साथ गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, विवाह सहित अन्य कार्य शुरू हो जाती है। इसके लिए शनिवार 1 नवंबर की सुबह से ही लोगों ने घर मे आवश्यक तैयारी भी शुरू हो गई थी। इसके लिए घरो की सफाई कर शाम को रंगोली भी महिलाओं द्वारा बनाई गई थी। वहीं घरो में दीप जलाकर पूर्जा -अर्चना की गई वही घरो के बाहर भी रोशनी की गई थी। इस दौरान गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालीग्राम एवं तुलसी का विवाह रचाया गया। मां तुलसी के सुहाग का प्रतीक चुनरी ओढ़ाकर बिरवे को कपड़े से लपेटकर चुड़ी चढाकर उनका श्रृंगार किया गया। तुलसी महारानी की विधि पूजा कर के सिंहासन सहित शालिग्राम की मूर्ति को हाथ में लेकर श्रद्धालुओं ने बिरवे की सात परिक्रमा की और धागा लपेटा। महिलाओं ने विवाह के मंगल गीत गाये। इसके पूर्व श्री नारायण के जगाने की मान्यता को लेकर हिन्दू धर्मावलंबियों ने घंटा व शंखनाद कर विष्णु की पूजा की। साथ ही साथ श्रद्धालुओं ने भगवान को नए फल, सिंघाड़ा, साबूदाना, सीताफल, मूंगफली, शकरकंद, अमरूद, चढाकर पुरे विधी विधान से भगवान की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद से मांगलिक कार्यो की शुरूआत भी हो गई। देवउठनी एकादशी के साथ ही चार माह से बंद पड़े वैवाहिक कार्यक्रम की भी शुरुआत हो गई।



### गौठान में मनाया गया देव उठनी एकादशी पर्व



**बहेराडीह।** बलौदा ब्लॉक अंतर्गत जाटा गौठान में देवउठनी एकादशी के पर्व मनाया गया। इस दौरान गौमाता की पूजा आरती की गई और भोजन प्रसाद बनाकर खिलाया गया। तत्पश्चात गन्ना त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर त्यौहार में गौ माता लक्ष्मी की आरती कर भोजन प्रसाद खिलाकर गौ माता का समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधियो ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ग्राम पंचायत जाटा के स्थानांपन्न सरपंच श्रीमती चंद्रकला सरवन कश्यप, पंच जीवनलाल बंजारे , मोहर साय मिरी,ऊषा महंत, जोहान मरकाम, अनिता कर्स, गोपाल कर्ष, राजा, शुक्लाल यादव, हेमलाल, रामकुमार, श्याम बाई, सुखरू गबेल, नरेश राठौर ओपी, सीपी, सुनील बंजारे, विनोद गोंड, राणा, पप्पू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेमरिया में ग्रामीणों को शराब न बनाने की एसपी ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में एसपी ने ग्रामीणों को शराब न बनाने की शपथ दिलाई। सेमरिया वही गांव है जहां अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री के मामले में पुलिस का अटैक हुआ था। एसपी के सामने गांव के लोगों ने शराब न बनाने की शपथ ली।

थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम सेमरिया गांव में शनिवार 1 नवंबर को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय तथा एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी, क्षेत्र के जनपद सदस्य रामचरण पाल, श्रवण गोड, सबरिया समाज के गणमान्य नागरिक पहुंचे। एसपी ने सबरीया समाज के लोगों की बैठक ली। कुछ दिन पहले सबरिया समाज के लोगों द्वारा सड़कों को जानबूझ कर खराब कर देते थे ताकि पुलिस वाले यहां शराब पकड़ने के लिए न पहुंच पाए। फिर भी पुलिस अधीक्षक द्वारा सबरीया समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वरोजगार की ओर बढ़ने, उसके बीच के लोगों को बिहान कार्यक्रम में भी जुड़वाया गया है जो गेंदा की खेती, फाइनल, डिटर्जेंट, मशरूम की खेती का प्रशिक्षण दिया गया है। महुआ शराब बनाना पूर्णतः बंद करने के संबंध में चर्चा हुई।



ग्रामीणों को शपथ दिलाते एसपी।

## खबर संक्षेप

### असामयिक मृत्यु के दो प्रकरण में दी गई 8 लाख रुपए की सहायता राशि

**कोरबा।** अपर कलेक्टर कटघोरा द्वारा नदी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु के कुल दो प्रकरण में पीड़ित परिजनों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये के मान से कुल आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जारी आदेश के अनुसार जिले की तहसील पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम केंदई के सूरज धनुहार पिता पंचलाल धनुहार की 1 अगस्त को हसदेव नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पिता झीटकू राम को 4 लाख रूपये की आर्थिक अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम कोईलारगडरा (घुंचापुर) की कौशिल्या पति संतोष धनुहार की गत 24 जुलाई 24 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पति संतोष धनुहार को चार लाख रूपये की आर्थिक अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण/चयनित अभ्यार्थियों के शारीरिक मापदण्ड परीक्षा हेतु 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय कोरबा से संपर्क कर सकते हैं।

### पसरखेत में मिला 13 फीट का किंग कोबरा, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** ऊर्जाधानी अपनी समृद्ध जैव-विविधता और दुर्लभ वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। यहां कई बार ऐसे जीव देखने को मिलते हैं जिनसे आम लोग चकित रह जाते हैं। इसी कड़ी में जिले के पसरखेत गांव में गुरुवार की शाम 4 बजे विशालकाय किंग कोबरा को लोगों ने देखा और देखते ही देखते विशालकाय किंग कोबरा को देखने वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग और नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम के जितेंद्र सारथी ने मामले की जानकारी कोरबा डीएफओ श्रीमति प्रेमलता यादव को दी। उनके निर्देश और एसडीओ आशीष खेलवार एवं एसडीओ सुर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में जितेंद्र सारथी अपनी टीम के एम सूरज, सिद्धांत जैन, बबलू मारवा के साथ तुरंत उस स्थान के लिए कोरबा से रवाना रवाना हुए। करीब एक से डेढ़ घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में किंग कोबरा ने बार-बार अपना रौद्र रूप दिखाया। हालांकि धैर्यपूर्वक और सावधानी से काम करते हुए आखिरकार टीम ने किंग कोबरा को सुरक्षित थैले में डालने में सफलता प्राप्त की। जिसके उपरांत उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### लाखों का सीमेंट गायब, ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** एक ट्रक चालक विगत दिनों सीमेंट लोड कर गंतव्य के लिए रवाना हुआ था लेकिन बीच रास्ते से ही ट्रक में लोड लाखों रुपए कीमती सीमेंट को चालक ने ही पार कर दिया है। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। रायपुर वीर सावरकर नगर निवासी कांती लाल चंद्राकर पिता मोहन लाल चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शिवाय रोड कैरियर ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी रायपुर में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसकी कम्पनी के 50 ट्रक अल्ट्राट्रेक, श्री सीमेंट कम्पनी बांगड़ में चलती है। कम्पनी का ट्रक कमांक सीजी 04 एनवाय 1546 को सोनू कुमार पासवान जो 27 अगस्त से उसमें ड्रायवरी का काम करते आ रहा है। जो श्री सीमेंट कम्पनी बांगड बलौदा बाजार से 21 अक्टूबर को ट्रक में सीमेंट 700 बोरी भरकर दीपक किराना स्टोर बदरा सरगुजा जाने के लिये शाम 6 बजे रवाना किया था। जो 25 अक्टूबर की सुबह तक नहीं पहुंचा था। पता करने पर ट्रक में लगे जीपीएस से ट्रक का लोकेशन लिया तो ट्रक अम्बिकापुर में साई सर्विस स्टेशन में खड़ा था। लोकेशन देखने पर मदनपुर मेन रोड में 5 घंटा 10 मिनट करीब खड़ा था। 22 अक्टूबर को पुटा मेनरोड में 2 घंटा 22 मिनट खड़ी थी। अम्बिकापुर में जहां ट्रक खड़ी थी वहां कम्पनी का दूसरा ड्रायवर जितेन्द्र कुमार को पता करने भेजा जो ट्रक आधा खाली होना बताया।

# ई ऑक्शन पॉलिसी में किया गया बदलाव, नहीं रहा थर्ड पार्टी सैंपलिंग का अनिवार्य प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया ने बोर्ड बैठक में ई नीलामी योजना 2022 से जुड़े कई अहम संशोधनों को मंजूरी दी है। इसके साथ ही 1 नवंबर से अधिसूचित सभी ई नीलामी आयोजनों के लिए कोई खरीदार यदि थर्ड पार्टी सैंपलिंग का विकल्प नहीं चुनता है, तो उस पर कोयला कंपनी की ओर से अनिवार्य सैंपलिंग की शर्त लागू नहीं होगी। बोर्ड के निर्णय के साथ ही एसईसीएल के कोल व्यापारियों को एक बड़ी राहत मिली है। इससे पहले कंपनी ने 1 अक्टूबर से लागू होने वाले कई नए प्रावधानों जिनमें थर्ड पार्टी सैंपलिंग फाइनेंशियल कवरेज और इंडेम्निटी बॉन्ड शामिल थे को अनिवार्य बना दिया था। इन बदलावों से कोयला व्यापारियों को संचालन और वित्तीय स्तर पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

## कोल इंडिया की 420वीं बोर्ड बैठक में लिया गया निर्णय

**खास बातें**

- निजी विद्युत संयंत्रों व कोयला व्यापारियों को मिली राहत
- कोयला व्यापारियों को वितीय स्तर पर मिलेगा लाभ



सीआईएल बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि 1 नवंबर 2025 से पहले आयोजित या अधिसूचित सभी ई-नीलामी आयोजनों के लिए अनिवार्य सैंपलिंग का प्रावधान यथावत रहेगा। इन आयोजनों के अंतर्गत होने वाले कोयला प्रेषण की गुणवत्ता की समीक्षा नमूनाकरण परिणामों के आधार पर की जाएगी। कोल इंडिया के इस फैसले के पीछे कोल ट्रेडर्स की एकजुटता ने अहम भूमिका निभाई है। ऑल इंडिया कोल ट्रेडर्स कम्युनिटी जो देश के विभिन्न राज्यों के कोल व्यापारियों को एक मंच पर लाने वाला संगठन है पिछले कुछ महीनों से इस विषय पर सतत संवाद और रचनात्मक प्रयास किए। संगठन ने यह साबित किया कि यदि उद्योग जगत की चिंताओं को संगठित, जिम्मेदार और पारदर्शी तरीके से सामने रखा जाए, तो बिना टकराव या आंदोलन के भी नीति-स्तर पर बड़ा परिवर्तन संभव है। कोल इंडिया के इस निर्णय से देशभर के कोल व्यापारियों में राहत और उत्साह का माहौल है। उद्योग जगत इसे संवाद और एकता की जीत के रूप में देख रहा है। यह फैसला भारतीय कोयला व्यापार समुदाय के लिए एक नया अध्याय खोलता है जिसमें पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

## नुकसान का आंकलन करने जुटा कृषि विभाग का मैदानी अमला

# मेथा का असर : बारिश से खेतों में भरा पानी, धान का करपा डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंध्रप्रदेश और ओडिसा के तटवर्ती समुद्री से उठे तूफान मेथा से जिले का शहर और ग्रामीण अंचल भींग गया। सबसे ज्यादा प्रभाव खेतों में खड़ी और कटी हुई धान की फसल पर पड़ा है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियान रात से हुई बारिश से कटी हुई धान की फसल डूबी हुई नजर आयी। जिसे देख किसान भी चिंतित हो गए। वहीं कृषि विभाग का मैदानी अमला इस बारिश से फसल से हुई नुकसान की जानकारी लेने में जुट गया है।

**खास बात**

- बारिश से खड़ी फसल को भी एक पखवाड़े पूर्व हो चुका है नुकसान

बीते कुछ दिनों से जिले में रुक रुककर हो रही बारिश का असर धान की खड़ी फसल पर पड़ा है। दीवाली बाद जैसे ही किसान फसल की कटाई में जुट गए थे वैसे ही मौसम का कहर भी उनके उपर गिरने लगा था। बीते एक सप्ताह से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्थानों में घंटोंभर बारिश हुई। इस बारिश से दीवाली के बाद काटी गई धान की फसल जिससे किसान खेत में ही छोड़ दिए थे वह खेतों में पानी भरने के कारण डूब जाने से खराब हो चली है। गुरुवार दरमियान रात जिले के ग्रामीण अंचलों में बारिश का असर पिछले दिनों हुई बारिश से ज्यादा नजर आया। जब किसानों के सामने बारिश के कारण कटाई बंद करने की स्थिति सामने आ गई। शुक्रवार की सुबह जब शहर से लगे हुए कुछ ग्रामीण अंचलों का अवलोकन किया तो धान का कटा हुआ करपा पानी में डूबा हुआ था। मौसम के इस तरह एका एकाएक बदलने से किसान भी बेखबर थे। लिहाजा वह कटी हुई फसल को खेतों में ही छोड़कर चले गए थे। कृषि विभाग की मानें तो किसानों को इस बारिश से नुकसान हुआ है।



बारिश से भीगा धान।

### नुकसान का आंकलन किया जा रहा है

बेमौसम बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से कटी हुई फसल के पानी डूबने की जानकारी मिली है। मैदानी क्षेत्र के अमले को नुकसानी के आंकलन के लिए निर्देशित किया गया है। खेतों में पानी भरने से फसल में ज्यादा नमी आने के कारण कटाई में भी देरी होगी।

- **डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

### फसल में 18 प्रतिशत से ज्यादा नमी

खेतों में खड़ी धान की फसल में 18 प्रतिशत से ज्यादा नमी आ गई है। आने वाले दिनों में अगर बारिश की यही स्थिति रही तो कटी हुई धान की फसल लाल हो जाएगी। जिसका फायदा किसानों को नहीं मिलेगा। कृषि विभाग ने ऐसी स्थिति के लिए अपने मैदानी अमले को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि फसल कटाई के बाद आने वाले फसल की क्या स्थिति रहेगी। इसका आंकलन किया जा सकेगा।

### प्रशासन की कड़ी नजर खरीदी पर

एक तरफ प्रशासन धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए कड़ी नजर रखा हुआ है। किसानों से पंजीयन से लेकर ऑनलाइन टोकन तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में बैरियर लगाने की तैयारी कर ली गई है। जिससे किसानों के उपर एक प्रशासनिक बड़ी कार्यवाही का अंदेशा बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ बेमौसम बारिश ने उनकी फसल में कहर बरपा दिया है।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने लखनपुर मार्ग पर किया चक्काजाम


चक्काजाम करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा क्षेत्र के लखनपुर मार्ग पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों- जिनमें महिलाएँ, बुजुर्ग और युवा शामिल थे। उन्होंने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते घंटों तक कोयला परिवहन पूरी तरह ठप रहा।

ग्रामीणों का आरोप है कि रोज़ाना हजारों भारी ट्रक और ट्रेलर कोयला ढोते हुए इसी मार्ग से गुजरते हैं, जिससे सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं। जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनसे छोटे वाहनों का चलना बेहद मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़कों की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन प्रशासन और कोल कंपनियों को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने इसी समस्या को लेकर आंदोलन किया था, तब प्रशासन ने जल्द मरम्मत का आश्वासन दिया था लेकिन एक साल बीतने के बाद भी सड़कें जस की तस हैं. वादाखिलाफी से नाराज होकर इस बार ग्रामीणों ने कोयला परिवहन को रोक दिया है। जब तक सड़क सुधार कार्य शुरू नहीं होता और भारी वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं लगाई जाती, वे आंदोलन जारी रखेंगे।

# तीन साल पहले किया राशि आहरण आज तक निर्माण नहीं हो सका पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

करतला जनपद के ग्राम पंचायत तुमान में शौचालय निर्माण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जिसमें तत्कालीन सरपंच व सचिव द्वारा समग्र शिक्षा अंतर्गत बालक बालिका शौचालय निर्माण की अग्रिम राशि निकालकर गबन कर लिया गया है और आज पर्यंत तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

समग्र शिक्षा मद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान में बालक बालिका शौचालय निर्माण के लिए सत्र 2022 में 3 लाख 86 हजार रुपये की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। जिसमें से प्रथम क़स्ति की राशि 1 लाख 93 हजार रुपये में से 1 लाख 70 हजार रुपए की राशि ग्राम पंचायत तुमान के तत्कालीन सरपंच श्रीमती ललिता कंवर व सचिव नंदकुमार चौकसे द्वारा निकालकर गबन कर लिया गया है। आज उनको राशि आहरित किए तीन साल बीत गए किंतु निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। इस प्रकार की घोर लापरवाही व भ्रष्टाचार करने के बावजूद ना ही किसी प्रकार की जांच हुई और ना ही किसी भी प्रकार की कार्यवाही हुई। इससे साफ प्रतीत होता है कि जनपद स्तर के अधिकारियों के संरक्षण में सरपँच सचिव न जाने कितने कार्यों की अग्रिम राशि निकाल कर चपत कर जातें हैं और निर्माण के नाम पर कुछ भी नहीं दिखता। तुमान पंचायत में ऐसे और भी कई मामले सामने आने की संभावना है जिसमें राशि आहरण करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है या फिर अपूर्ण कार्य में पूरी राशि आहरित कर ली गई है। ऐसा सिर्फ तुमान पंचायत में ही नहीं है कई सारे ग्राम पंचायतों में ऐसे कई मामले है जिसमें सरपंच सचिवों द्वारा राशि आहरण कर गबन कर लिया गया है।




### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल की150 जयंती के उपलक्ष में यूनिटी मार्च के अंतर्गतएक राष्ट्रीय व्यापी कार्यक्रम के तहत श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। योजना के जिला संगठक वायके तिवारी ने कहा कि सरकार के द्वारा पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 150 जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम करने के निर्देश जारी किये गये है कार्यक्रम के अंत में सरदार पटेल के जन्मभूमि से उसकी मूर्ति तक की पदयात्रा का विशाल कार्यक्रम का अयोजन सरकार के द्वारा किया जाएगा। हम सब मिल कर कोशिश करे कि जिला से एक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से सहजता के गुण को अपना सके।

# सीआरपीएफ जवान ने नशे में महिलाओं के साथ की मारपीट, जुर्म दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी साधना सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे उसके घर के दरवाजा में पत्थर मारने की आवाज आयी आवाज सुनकर घर का दरवाजा खोलकर साधना और उसकी ननंद रूबी बाहर देखे तो बांकीमोंगरा निवासी हेमंत सिंह के द्वारा साधना सिंह के घर के पास नल को तोड़ दिये हो कहते हुये साधना सिंह घर पर पत्थर मार रहा था। हेमंत सिंह को मना करने पर उसके द्वारा साधना सिंह के साथ गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का और झापड़ मारा और रूबी के पेट में लात से मारा गया। साधना सिंह व रुबी की चीख पुकार साधना सिंह के घर के सामने वाले पडोसी सुरज देव पाल तथा उसका पुत्र अशोक पाल, संध्या हरिहर अपने घर के बाहर आ गये और हेमंत सिंह को गाली गलौच करने से मना करने और लडाई में बीच बचाव करने आये तो हेमंत सिंह के द्वारा उनके साथ भी गाली गलौच कर जानसे मारने की धमकी देते हुये पाल संध्या हरिहर एवं सुरज देव के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। साधना सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी हेमंत सिंह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### बुंदेली में ड्राइविंग टेस्ट के लिए बिछाई जाएगी ई-ट्रैक

**कोरबा।** अब ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया हाइटेक होने जा रही है। शहर से सटे गांव बुंदेली में करीब 5 एकड़ जमीन पर आने वाले दिनों में ड्राइविंग टेस्ट के लिए ई ट्रैक बिछाने की तैयारी है। जिसके बाद लाइसेंस जारी करने से पहले ड्राइविंग टेस्ट की इस प्रक्रिया में विभाग का हस्तक्षेप कम होगा, इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। परिवहन विभाग का कहना है कि वाहन चालकों की योग्यता और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग टेस्ट और लाइसेंसिंग प्रक्रिया का आधुनीकीकरण किया जा रहा है।

**न्यायालयः प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारीः प्रवीण मिश्रा)
पोसेस क्रमांक- 500/2025 व्यवहार वाद क्र.- 49 अ/2025 पेशी तिथि- 03/12/2025

**ईश्तहार**

रजेश्वरी देवी मिश्रा वगैरह..............आवेदिकागण
**बनाम** कलेक्टर एवं अन्य............ अनावेदकगण
(1) आम जनता, (जिनका हित हो)

उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध आप इस न्यायालय में दिनांक 03/12/2025 को दिन के 10.30 बजे उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं उपस्थित रहें या ऐसे अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिया गया हों और जो इस प्रकरण में आपका पक्ष सम्यक रूप से रख सके जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि को उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो उक्त प्रकरण में आपके गैर हाजिरी में सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता तो आगामी कार्य पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा । यदि किसी कारणवश दिनांक 03/12/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।
स्थानः- जांजगीर
दिनांक- 29/10/2025

**(प्रवीण मिश्रा)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**आम सूचना**

प्रेषकः-टिकेश्वर चन्द्रा अधिवक्ता, जांजगीर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर
तरफ से (आसामी) :- सुबोध कुमार देवांगन उम्र 41 वर्ष पिता सत्यनारायण देवांगन जाति कोष्टा निवासी जांजगीर, थाना व तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने आसामी सुबोध कुमार देवांगन पिता सत्यनारायण देवांगन निवासी जांजगीर थाना व तहसील जांजगीर जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) वाले से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रमाणित करता हूँ कि मौजा जांजगीर प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. व तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 4434 / 1 रकबा 0.0460 हेक्टेयर परिवर्तित भूमि है जो कि संतोष राठौर पिता रामलखन राठौर निवासी पुरानी सिंचाई कालोनी जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग) के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि में से 2½ डिसमिल भूमि मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है।

अगर किसी व्यक्ति/संस्था/ बैंक/ निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपत्ति है, जो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगी।

// सो सूचना जाने //

स्थान : जांजगीर,
दिनांक : 31/10/2025

**भवदीय**
**टिकेश्वर चन्द्रा**
**अधिवक्ता, जांजगीर**
**मो.नं.- 8770287771**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इनफेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# बाहुबली द एपिक में दिखे डिलीटेड सीन ऐसे हुई थी बाहुबली की रियल एंट्री

**नई दिल्ली।** डायरेक्टर एस.एस राजामौली ने अपनी मास्टरपीस फिल्में बाहुबली द बिगनिंग (2015) और बाहुबली द कंक्लूजन (2017) को मिलाकर एक फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' बनाई, जो 31 अक्टूबर को वर्ल्ड वाइड रिलीज हो चुकी है। 'बाहुबलीः द एपिक' ने रिलीज होते ही थिएटर में धमाका मचा दिया है, क्योंकि फिल्म में वो डिलीटेड सीन देखने को मिल रहे हैं, जो पहले दो पार्ट में नहीं देखने को मिले हैं। दर्शक इस डिलीटेड सीन पर कितना चीयर कर रहे हैं। दरअसल, इस डिलीटेड सीन में देखा जा रहा है कि फिल्म के दूसरे पार्ट में देवसेना के बेटे अमरेंद्र बाहुबली की एंट्री किसी और तरीके से हुई थी और 'बाहुबली द एपिक' में किसी और स्टाइल में दिखाई जा रही है। इसमें भल्लालदेव के पिता विट्ठल देव गुस्से में दिख रहे हैं और वहीं, उनके डायलॉग के साथ-साथ देवसेना के सामने उसके बेटे की दमदार एंट्री हो रही है।

## लाइफ Style

# अनीत
## जानवरों के साथ तस्वीरें और वीडियो किए शेयर

'सैयारा' फेम अनीत पड्डा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर यहां अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जानवरों के साथ कई बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। तस्वीरों के साथ अनीत पड्डा ने एक खूबसूरत पोस्ट लिखी है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनीत पड्डा ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वह कुत्ते और बिल्लियों के साथ नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में वह बिल्लियों के पास बैठी हैं। एक वीडियो में वह कुत्ते को गोद में लिए हुए हैं। एक वीडियो में अनीत पड्डा बिल्लियों से प्यार कर रही हैं। एक और तस्वीर में वह पौधा लगाते हुए नजर आ रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अनीत पड्डा ने उस संगठन की तारीफ की जो जानवरों को पाल रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'इन आत्माओं के साथ कुछ समय बिताया जो बिना किसी भाषा के प्यार करते हैं। इन प्यारे जानवरों के साथ मुझे समय बिताने और बदले में इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद।' अनीत पड्डा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'आप बहुत दयालु हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'अनीत मैडम आप बहुत खूबसूरत हो।' एक और यूजर ने कहा है 'आप शुरू से अब तक चमक रही हो'। आपको बता दें कि अनीत पड्डा 18 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म 'सैयारा' में अहान पांडे के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 579.23 करोड़ रुपये का कारोबार किया। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से तारीफें मिलीं। अनीत पड्डा हॉरर कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आने वाली हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# स्टैंड बाई मी ने बना दिया स्टार

**नई दिल्ली।** रिवर फीनिक्स एक ऐसा नाम है जो हॉलीवुड में सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि एक वादा था। एक वादा जो अधूरा रह गया। कहा जाता है कि फीनिक्स पक्षी राख से पुनर्जन्म लेता है, लेकिन रिवर फीनिक्स की कहानी कुछ अलग थी। वह राख से तो उठा, पर उड़ान पूरी करने से पहले ही बुझ गया। रिवर ने सिर्फ 10 साल की उम्र में टीवी से अपने कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन 1986 में आई फिल्म स्टैंड बाई मी ने उन्हें स्टार बना दिया। इस फिल्म में उनका मासूम लेकिन गहराई से भरा अभिनय आज भी याद किया जाता है। इसके बाद 'रनिंग ऑन एम्प्टी' में उनका प्रदर्शन इतना शानदार था कि उन्हें 'ऑस्कर नॉमिनेशन' तक मिला। निर्देशक सिडनी ल्यूमेट ने एक बार कहा था, 'रिवर के अंदर एक पुरानी आत्मा थी, जो अपने उम्र से कहीं ज्यादा समझदार थी।'



# नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई द विचर सीजन 4

**नई दिल्ली।** लियाम हेम्सवर्थ अपनी लेटेस्ट रिलीज के साथ हेनरी कैविल का किया काम संभाल रहे हैं। एक्टर इन दिनों नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुए 'द विचर'सीजन 4 में रिविया के गेराल्ट के रूप में नजर आ रहे हैं। शो के निर्माताओं के अनुसार, नए सीजन में गेराल्ट, येनेफर और सिरी की कहानी जारी रहेगी, जिन्हें पूरे महाद्वीप में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। हेनरी केविल ने साल 2022 में इस भूमिका से अलग होने का फैसला किया था जिसके बाद लोनली प्लानेट एक्टर को गेराल्ट के रोल के लिए चुना गया। अपने इंस्टाग्राम पर एक्टर ने एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी। एक्टर ने लिखा, "गेराल्ट ऑफ रिविया के रूप में मेरी यात्रा राक्षसों और रोमांच दोनों से भरी हुई है और अफसोस, मैं सीजन 4 के लिए अपने पदक और अपनी तलवारें रख दूंगा। हालांकि, फैंस हेनरी केविल की जगह एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रशंसक मुखर रहे हैं, और उन्होंने इस सीज़न को निरर्थक, भ्रमित करने वाला और अपने चरम से बहुत दूर कहा है। द विचर सीजन 4 30 अक्टूबर को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गया है।



# 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट आगे बढ़ी

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में डेविड के बेटे और बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में वरुण के साथ दो अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई है। पहले यह अप्रैल 2026 में आने वाली थी, लेकिन अब यह 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े की केमिस्ट्री नजर आएगी। रॉम कॉम फिल्म को लेकर वरुण के फैंस बेहद उत्साहित हैं। वरुण धवन ने आज इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की एक तस्वीर शेयर की। जिसमें नारियल के पेड़ों के साथ बीच में लिखा फिल्म का नाम 'है जवानी तो इश्क होना है'।



# कोरियन एक्टर डॉन ली की स्पिरिट में हुई एंट्री

**मुंबई।** साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' में अब एक रोमांचक मोड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं। मेकर्स ने ऐलान किया है कि ट्रेन टू बुसान'और इटर्नल्स के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म 'स्पिरिट' साइन कर ली है। फिल्म स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म स्पिरिट का 'साउंड स्टोरी' टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी।

## टीवी मसाला



# शो लाफ्टर शेफ्स 3 का हिस्सा बने विवियन डीसेना

**नई दिल्ली।** टीवी के हार्टथ्रोब विवियन डीसेना के फैंस के लिए सेलिब्रेशन का टाइम है। लंबे समय से ये कयास लगाए जा रहे थे कि विवियन एकता कपूर के शो नागिन 7 में नजर आएंगे। सीरियल में वो ड्रैगन का करेक्टर निभाने वाले थे। एक्टर फाइनली एक लंबी पारी के बाद टीवी पर लौट जरूर रहे हैं, लेकिन दूसरे शो के साथ। दरअसल, विवियन टीवी के पॉपुलर किचन शो लाफ्टर शेफ 3 से वापसी कर रहे हैं। इस शो में कई और नई स्टार कास्ट को शामिल किया गया है। वहीं, जज के तौर पर हरपाल सिंह सोखी और होस्ट के तौर पर भारती सिंह शो में वापसी करेंगे। सीजन 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। नवंबर 2025 से इसका टेलिकास्ट भी शुरू हो सकता है। विवियन ने इसका एक बीटीएस वीडियो भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें वह अपनी वैनिटी वैन में शूटिंग के लिए तैयार होते नजर आ रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम उन्हें सेट पर पहुंचते और लोकेशन पर मौजूद फोटोग्राफर्स के सामने पोज देते हुए नजर आए। इसके अलावा, उन्होंने सेट पर अपने को-कंटेस्टेंट एल्विश यादव, अभिषेक कुमार, ईशा मालवीय और कृष्णा अभिषेक सहित अन्य कलाकारों से मिलते हुए देखा गया। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- पहले दिन के कुछ मोमेंट्स शेयर कर रहा हूं। हमेशा आप सभी का शुक्रगुजार रहूंगा।

## अर्जुन की बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए टीवी सेलेब्स

**नई दिल्ली।** अर्जुन बिजलानी की बर्थ डे पार्टी टीवी के कई सेलेब्स पहुंचे। यह अर्जुन के करीबी दोस्त हैं। इस सेलिब्रेशन में पैपराजी भी शामिल हुए। अर्जुन ने पत्नी के साथ अपना जन्मदिन का केक काटा।



बाद में कई सेलेब्स उनकी बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए। अर्जुन बिजलानी ने पत्नी के साथ केक काटा। इसके बाद आगे बढ़कर पैपराजी को केक खिलाया। अर्जुन ने अपनी करीबी दोस्तों को पार्टी में बुलाया था। तेजस्वी प्रकाश, जन्नत जुबैर के साथ पार्टी में पहुंचीं। साथ ही ईशा मालवीय भी अर्जुन की बर्थ डे पार्टी का हिस्सा बनीं। ब्लैक गाउन में वह काफी खूबसूरत नजर आ रही थीं। सना खान भी अर्जुन की बर्थ डे पार्टी में शामिल हुईं। अर्जुन बिजलानी टीवी पर 'नागिन' जैसा हिट शो कर चुके हैं। कई रियलिटी शो का हिस्सा रहे हैं, एंकरिंग भी करते हैं। हाल ही में अर्जुन ने शो 'राइज एंड फॉल' में हिस्सा लिया था। इस शो में कमाल का गेम खेलते हुए वह विनर बने। इस शो में भोजपुरी स्टार पवन सिंह भी नजर आए थे।

# इजरायल में शुरू हुआ भारतीय फिल्म महोत्सव पद्मावत समेत दिखाई जाएंगी ये मशहूर फिल्में

**नई दिल्ली।** हाल ही में इजरायल के हाइफा में भारतीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन हुआ। हाल ही में इजरायल की राजधानी यरुशलम में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। इसके बावजूद यहां 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में हिस्सा लिया। भारतीय दूतावास ने हाइफा नगर पालिका के साथ मिलकर गुरुवार को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया।

### महोत्सव के दूसरे संस्करण का हुआ आयोजन

इस मौके पर छह फिल्मों का प्रदर्शन हुआ जिसके जरिए भारतीय सिनेमा की विरासत का जश्न मनाया गया। भारतीय दूतावास ने इस वर्ष फरवरी में एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया था। इसे भारत के प्रति उत्साही लोगों ने सराहा था। इसके बाद दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया।



### इजरायल में दिखाई जाएंगी ये फिल्में

इजरायल फिल्म निर्माता, डैन वोलमैन ने इस महोत्सव को एक अहम पहल बताया। महोत्सव के तहत इजरायल के कई हिस्सों में भारत की फिल्में दिखाई जाएंगी। दो हफ्ते के इस आयोजन के दौरान हाइफा, तेल अवीव और दिमोना में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी।

### फिल्म महोत्सव मनाने का मकसद

भारतीय दूतावास में मिशन उप-प्रमुख, सर्वजीत सूदन ने भारतीय सिनेमा को इजरायली दर्शकों के करीब लाने में सहयोग के लिए हाइफा शहर का आभार व्यक्त किया। सूदन ने कहा, 'भारतीय फिल्में भारत की भावना- उसकी सांस्कृतिक विविधता, भावनाओं, मूल्यों और परंपराओं को दर्शाती हैं। इस महोत्सव के माध्यम से, हम भारत और इस्राइल के बीच सांस्कृतिक पुल और अच्छे संबंध बनाने की आशा करते हैं।' इजरायल में विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 46,000 भारतीय काम करते हैं।

# दीपिका के सपोर्ट में आईं मोना, हर महिला को इन मुद्दों पर बोलना चाहिए

**नई दिल्ली।** एक्टर मोना सिंह ने महिलाओं से अपील की है कि वे जरूरत से ज्यादा काम करने को 'नॉर्मल'मानना बंद करें। उन्होंने दीपिका पादुकोण की तारीफ करते हुए कहा कि वह लगातार भारत में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाती रही हैं। मोना का कहना है कि कई महिलाएं थकान को अपनी मेहनत की निशानी समझती हैं और बिना आराम के लंबा काम करती रहती हैं, चाहे वो महत्वाकांक्षा हो या समाज की उम्मीदें। उनका मानना है कि ये सोच शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह से बेहद नुकसानदायक है और हमारे समाज व इंडस्ट्री में अभी भी इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता।



एक्ट्रेस मोना सिंह ने महिलाओं से कहा है कि ज्यादा काम करना और थक जाना कोई शान की बात नहीं है। उन्होंने दीपिका पादुकोण की तारीफ की, जो हमेशा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाती हैं।

### जागरूकता फैलाने के लिए जताया आभार

एक्ट्रेस ने अपनी साथी महिला सेलेब्रिटीज की तारीफ की, जो इन मुद्दों पर जागरूकता फैला रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि अब सेलिब्रिटीज इन बातों पर खुलकर बोल रही हैं और लोगों को जागरूक कर रही हैं। वरना टियर-2 शहरों की महिलाएं इन बातों को सामान्य मानकर चुप रहतीं। जब कोई मशहूर शख्स मानसिक स्वास्थ्य, इमोशनल वेलनेस, पीरियड्स या हार्मोन जैसी चीजों पर बात करता है, तो इससे जागरूकता बढ़ती है। ऐसी और भी महिलाएं, जिन्हें लोग फॉलो करते हैं, उन्हें आगे आकर इन मुद्दों पर खुलकर बात करनी चाहिए और इन्हें सामान्य बनाना चाहिए।'

## अजय और रकुल की जोड़ी 'दे दे प्यार 2' में रोमांस से भरी ला रही है कॉमेडी

# इस महीने सिनेमाघरों में रिलीज होंगी सात हिंदी फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवंबर का नया महीना आ गया है। मौसम का मिजाज बदल रहा है। हल्की-हल्की सर्द हवा में मन रूमानी हुआ जा रहा है। पिछले महीने जहां सिनेमाघरों में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'थामा' ने धूम मचाई, वहीं अब साल 2025 के 11वें महीने में 7 हिंदी फिल्में थिएटर्स में दस्तक देने वाली हैं। इनमें शाह बानो केस पर बनी इमरान हाशमी और यामी गौतमक की 'हक' जहां अधिकरों की बात करने वाली है, वहीं अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी 'दे दे प्यार 2' में रोमांस से भरी कॉमेडी ला रही है। फरहान अख्तर की '120 बहादुर' में देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि होगी। वहीं, धनुष और कृति सेनन 'रांझणा' का आत्मीय सीक्वल 'तेरे इश्क में' लेकर आ रहे हैं।

### हक (7 नवंबर)

सुपर्ण एस वर्मा के डायरेक्शन में बनी हक में इमरान हाशमी और यामी गौतम लीड रोल में हैं। यह फिल्म शाह बानो केस के ऐतिहासिक अदालती मुकदमे पर आधारित है। यह फिल्म एक औरत की लंबी कानूनी लड़ाई की दास्तान है, जिसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। यह मुस्लिम पर्सनल लॉ, देश की धर्मनिरपेक्ष न्याय व्यवस्था और लैंगिक अधिकारों जैसे विषय पर फोकस करती है। फिल्म में यामी के किरदार का नाम शाजिया बानो है, जबकि इमरान ने अब्बास खान का किरदार निभाया है।

### जटाधारा (7 नवंबर)

जटाधारा मूल रूप से तेलुगू में बनी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है, जो हिंदी में भी रिलीज हो रही है। इसमें सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं। वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक ऐसे नायक की कहनी है, जो शक्तिशाली और बदले की आग में झुलस रही पिशाचनी का सामना करता है।




### मस्ती 4 (21 नवंबर)

*मिलाप जावेरी के डायरेकशनन में बनी मस्ती 4, बॉलीवुड के लोकप्रिय एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त है। रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की तिकड़ी एक बार फिर साथ आ रही है। फिल्म फिर से तीनों शादीशुदा मर्दों की अपनी-अपनी बीवियों से इतर रोमांस की तलाश और ठेठ शरारतों पर आधारित है।*

### दे दे प्यार दे 2 (14 नवंबर)

*अंशुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी दे दे प्यार दे 2 साल 2019 में आई दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। लव रंजन और तरुण जैन ने इसकी कहानी लिखी है। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों के लिए एक रोमांटिक कॉमेडी राइड ला रही है। कहानी एक अधेड़ उम्र के मर्द और एक कम उम्र की लड़की के प्यार की है। बात शादी तक पहुंच रही है, इसलिए लड़की के घरवालों को रिझाने का काम शुरू होता है। जबकि लड़की के पैरेंट्स और उसके प्रेमी, दोनों की उम्र करीब-करीब बराबर ही है। फिल्म में आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी और मिजान जाफरी भी हैं।*

### 120 बहादुर (21 नवंबर)

रजनीश घई के डायरेक्शन में बनी 120 बहादुर, एक वॉर फिल्म है। फरहान अख्तर ने फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी और राशि खन्ना ने शैतान की पत्नी शगुन कंवरी सिंह की भूमिका निभाई है। यह ऐतिहासिक 'रेजांग ला की लड़ाई' के वीर सैनिकों की बहादुरी को याद करती है, जिसे चीन-भारतीय युद्ध की सबसे प्रमुख घटनाओं में से एक माना जाता है। 18 नवंबर 1962 को लड़ी इस लड़ाई में सेना के 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों ने 3000 चीनी सैन्य टुकड़ी से लोहा लिया था।

### गुस्ताख इश्क (21 नवंबर)

विभु पुरी के डायरेक्शन में बनी गुस्ताख इश्क एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख लीड रोल में हैं। उनके साथ नसीरुद्दीन शाह भी हैं। मनीष मल्होत्रा के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी पंजाब की लुप्त होती कोठियों और पुरानी दिल्ली की गलियों में घूमती हुई आगे बढ़ती है।

### तेरे इश्क में (28 नवंबर)

साल 2013 में आनंद एल राय जब धनुष के साथ 'रांझणा' लेकर आए, तब वह फिल्म हर दिल की धड़कन बन गई। अब वह धनुष और कृति सेनन के साथ तेरे इश्क में ला रहे हैं। यह तमिल और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। यह एक इमोशनल लव स्टोरी है, जो 'रांझणा' की दुनिया का ही हिस्सा है। एकतरफा प्यार, साथी को पाने की अथाह लालसा और प्रेम-संघर्ष पर बुनी इस कहानी को एआर रहमान ने संगीत से सजाया है।

## खबर संक्षेप

### देवरी में तीन दिवसीय गौरा-गौरी पूजा धूमधाम से आयोजित



**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी के भाटापारा मोहल्ला में तीन दिवसीय गौरा-गौरी पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 28 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक चला। पहले दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से फूलकूचाई कर गौरा-गौरी की स्थापना की गई। दूसरे दिन 29 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर नृत्य, गीत और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ उत्सव का आनंद लिया। गांव के युवक-युवतियों और महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर बारात का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को गौरा-गौरी की प्रतिमाओं का गांव में भ्रमण कराया गया, जिसके बाद श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा और गांव के बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग सभी ने इस लोकपर्व का आनंद लिया। गौरा-गौरी पूजा ग्रामीण संस्कृति और आस्था का प्रतीक बनकर हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धापूर्वक संपन्न हुई।

### आईटी विषय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण




**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के कक्षा 9वीं आई टी विषय के विद्यार्थियों ने शासकीय आईटीआई हसौद (गुंजियाबोर) में 29 अक्टूबर को औद्योगिक भ्रमण किये। जिसमें कक्षा 9वीं के हिमांशी,ज्योति,दिनेश्वरी, खूशबू,दीप्ति, स्वाती, सुष्मिता, रिया, किशन, देव प्रसाद, खेमराज, शेखर सहित सभी बच्चे शामिल थे। आईटीआई के ट्रेनिंग अधिकारी सहदेव महिपाल ने बच्चों को कंप्यूटर तथा उसके भाग एवं डाटा एंट्री संबंधित सारी जानकारी दी। अन्य ट्रेनिंग अधिकारी अंगद कश्यप तथा गीता यादव ने भी अपने अपने ट्रेड संबंधित जानकारी दी। स्कूल के प्राचार्य शिवप्रसाद द्विवेदी तथा आई टी प्रशिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे ने शुभकामनाएं दी।

### घिवरा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम घिवरा के आजाद चौक के पास में कश्यप परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ रविवार 2 नवंबर को कलश यात्रा के साथ होगा। कथावाचक पंडित मनोज शर्मा सरवानी खरसिया वाले होंगे। प्रत्येक दिन कथा दोपहर 2:30 बजे से प्रारंभ होगा। समापन 10 नवंबर सोमवार को किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रीमती संतला द्वास राम कश्यप, निर्मला कश्यप, श्रीमती शकुंतला जयराम कश्यप, दिनेश कश्यप ,दीपक कश्यप, थलेश कश्यप, और आर्यन कश्यप आदि के अलावा समस्त कश्यप परिवार और ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## निधन

### उमेश गुप्ता



**चांपा।** स्थानीय केशरवानी गुप्ता समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सम्लेश्वरी मंदिर के पास निवासरत अधिवक्ता उमेश गुप्ता का शुक्रवार 31 को निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। स्व. गुप्ता अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवर को ही अपरान्ह 2 बजे मवेशी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में सजातीय बंधुओं, परिजन के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### केवीके में कृषि यंत्रीकरण के उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# फसल चक्र परिवर्तन और प्राकृतिक खेती से होगा जल संरक्षण एवं किसानों की आय में वृद्धि : महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कृषि क्षेत्र में यंत्रीकरण के बढ़ते उपयोग और किसानों की आय में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर-चांपा में कृषि क्षेत्र में कृषि यंत्रीकरण का उपयोग विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने किसानों से सीधे संवाद किया। इस कार्यक्रम का आयोजन विभाग फार्म मशीनरी एवं पावर अभियांत्रिकी, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा किया गया तथा इसका प्रायोजन अनुसूचित जाति उप योजना एवं अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना फार्म कार्यान्वयन एवं मशीनरी, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि धान के साथ-साथ हमें अधिक लाभ दायक फसलों की ओर भी बढ़ना चाहिए जो कम पानी में अधिक लाभ दें। जैसे तिलहन, दलहन, और फूलों की खेती विशेष रूप से गेंदा फूल जैसी फसलें न केवल आय का नया स्त्रोत बन सकती हैं, बल्कि इनसे ग्रामीण महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल प्रणाली में विविधता लाएं, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों के साथ मिलकर संभावित वैकल्पिक फसलों जैसे तिल, सूरजमुखी, सरसों, चना, मसूर और गेंदा फूल जैसी व्यावसायिक फसलों के लिए क्षेत्रवार योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से किसानों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा और खरीदी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं ताकि वैकल्पिक फसलों के उत्पाद की उचित कीमत किसानों को मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि हमें जल-संरक्षण और प्राकृतिक खेती की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। प्राकृतिक खेती केवल खेती की तकनीक नहीं बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे धीरे-धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्राकृतिक खेती के प्रसार हेतु निर्देश जारी किए गए हैं और किसानों को इस दिशा में प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।


किसानों व कृषि वैज्ञानिकों से चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कार्यक्रम में फार्म मशीनरी एवं पावर अभियांत्रिकी विभाग के वैज्ञानिकों ने आधुनिक कृषि यंत्रों, ट्रैक्टर आधारित उपकरणों और फसल कटाई की नवीन विधियों की जानकारी दी। उद्यानिकी विभाग के विशेषज्ञों ने इंटरक्रॉपिंग तकनीक पर विस्तार से बताया कि कैसे तेल पाम, सब्ज़ी एवं गेंदा फूल जैसी फसलों को मिश्रित रूप से लेकर भूमि की उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाया जा सकता है। अंत में कलेक्टर श्री महोबे ने किसानों से कहा कि किसानों की प्रगति ही जिले की प्रगति है। प्रशासन हमेशा किसानों के साथ है, और यदि किसी भी प्रकार की तकनीकी या योजनागत सहायता की आवश्यकता हो, तो जिला प्रशासन तत्पर रहेगा। उन्होंने सभी किसानों को राज्योत्सव 2025 की शुभकामनाएं दीं और जिले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता का आग्रह किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत, सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती रंजना माखिजा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ के डी महंत, डॉ आर के नायक, अधिष्ठाता डॉ ए पी अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ मानसिक संतुलन आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

लायंस डी ए वी पब्लिक स्कूल, अकलतरा में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई।

■ विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने कार्यशाला किया गया आयोजन

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्म-चेतना, तनाव प्रबंधन, स्वस्थ संवाद और संतुलित जीवनशैली अपनाने की समझ विकसित कर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। विद्यालय के प्राचार्य सुनिल श्रीवास्तव के द्वारा कार्यशाला के विशेषज्ञ श्रीमती हेमलता विश्वकर्मा बाल भारती पब्लिक स्कूल, सीपत एवं श्रीमती कीर्ति सिन्हा दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर का स्वागत पुष्प गुच्छ से साथ किया गया और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि भावनात्मक दृढ़ता एवं मानसिक संतुलन भी आवश्यक है। दोनों विशेषज्ञों ने सभी प्रतिभागियों को विद्यार्थियों को तनाव, चिंता, असफलता के डर, सोशल मीडिया के प्रभाव तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के विभिन्न व्यावहारिक एवं सरल उपाय बताए। उन्होंने संवाद बढ़ाने, अपने विचारों को साझा करने, सकारात्मक सोच विकसित करने, योग एवं ध्यान को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को समूह गतिविधियों, ध्यान सत्र एवं इंटरैक्टिव चर्चा के माध्यम से स्वयं को समझने और अपनी भावनाओं को सहज रूप में व्यक्त करने का अवसर मिला। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचारों को साझा किया और जीवन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। आभार प्रदर्शन वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती सीमा देबनाथ ने किया एवं यह संकल्प व्यक्त किया कि विद्यालय विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास एवं भावनात्मक कल्याण के लिए निरंतर ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## भारत रत्न सरदार पटेल का किया गया स्मरण



**सक्ती।** भारत के लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सभी अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कलेक्टर कार्यालय के साथ ही जिला पंचायत, एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग सहित अन्य कार्यालयों के अधिकारियों कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। शपथ के साथ ही भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का भारत के एकीकरण में अति महत्वपूर्ण योगदान है। हमें उनकी जयंती पर उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। सरदार पटेल देश सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित थे और एकता व अखण्डता के प्रतीक थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम सहित कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसके साथ ही जिले के अन्य विभिन्न शासकीय कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सरदार पटेल जी की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई।

# सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

पुलिस थाना बिर्रा के अंतर्गत बाजार चौक बिर्रा में बनडभरा रोड पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर देश की एकता अखंडता एवं प्रभुता और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू के नेतृत्व में किया गया।

**खास बात**

■ राष्ट्र की एकता ,अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने ली शपथ

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के आदेश अनुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के निर्देशन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में बिर्रा थाना के प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू के अगुवाई में बाजार चौक बिर्रा के पास में बनडभरा रोड पर 31 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 7 बजे एकता दौड़ का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने भाग लेकर एकता की दौड़ लगाई। एकता की दौड़ में उपस्थित सभी को राष्ट्र की एकता ,अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू ने कहा कि एकता में ही शक्ति है हम सब एक हैं । सभी नागरिकों से अनुरोध करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल की श्रद्धांजलि में हम सब की भागीदारी होना चाहिए। इसके साथ ही हम सभी को सरदार वल्लभ भाई पटेल के बताए मार्गों पर चलना चाहिए। यही उसका सच्ची श्रद्धांजलि होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिर्रा के सरपंच पीली बाई साहू, थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जयकुमार साहू ,जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह, एकादशिया साहू, राजेश कुमार केशरवानी, संतोष कश्यप जमडीहा, भोलाराम देवांगन, कमला प्रसाद कहार, चित्रभानु पांडेय, डी एन देवांगन,मुकेश कुमार पांडेय के अलावा थाना स्टाफ और छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



एकता दौड़ में शामिल जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं।

### कलश यात्रा के साथ आज प्रारंभ होगा अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती स्थित भगत चौक में सैकड़ों वर्ष पुराने विशाल वट वृक्ष के नीचे मोहल्लावासियों द्वारा विगत वर्षो की भांति 64 वॉ वर्ष पर अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारम्भ 2 नवम्बर से किया जायेगा। यज्ञ के प्रथम दिवस यज्ञ स्थल भगत चौक पुरानी बस्ती से कलश यात्रा कीर्तन मण्डली के साथ भगवती देवी दाई मंदिर भीमा तालाब तक निकाली जावेगी। तत्पश्चात वरूण कलश पूजन कर कलश यात्रा संकीर्तन स्थल वापस होगी। साथ ही यज्ञ प्रारंभ हेतु देव आवाह्नन, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना की जावेगी। विदित हो कि भगत चौक पुरानी बस्ती में 100 साल से अधिक विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में पूरे सात दिन और सात रात राम नाम का जाप लगातार किया जाता है।

वही जिले के सैकड़ो व अन्य जिलों के गांवों से कीर्तन मण्डली रामनाम की गायन करने मण्डली सहित पहुंचते है। यज्ञ का समापन 9 नवम्बर को किया जावेगा और उसी शाम भव्य नगर यात्रा भी निकाली जावेगी जहां श्रीकृष्ण राधा को पालकी में ऊठा पूरे नगर का भ्रमण कराया जावेगा। वही 10 नवम्बर को हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हाण भोज का आयोजन किया जावेगा। आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने समिति के संस्थापक, आचार्य, संरक्षक, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्षगण, कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, प्रचार-प्रसार अध्यक्ष, व्यवस्थापक, पुराजीगण, मंच संचालन प्रभारी सहित भगत चौक के निवासी जुटे हुए है।

### देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने दिलाई गई शपथ

**पामगढ़।** सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती पर एकता दिवस के रूप में मैराथन दौड़ रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन पुलिस परिवार द्वारा किया. कार्यक्रम का आयोजन नगर के स्व बहोरिक लाल सूर्यवंशी चौक में किया गया, जिसकी अगुवाई पामगढ़ पुलिस के थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा ने की। दौड़ प्रारंभ होने के पूर्व थाना प्रभारी ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारी स्कूली छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण के उपरांत एकता की इस भावना को और अधिक गति प्रदान करते हुए एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. यह दौड़ बहोरीक चौक से शुरू होकर डीएवी स्कूल में संपन्न हुई। जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। और साम्प्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश दिया. पामगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित यह अभियान नगर में सामुदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के प्रति साझा प्रतिबद्धता का एक जीवंत प्रतीक बन गया है।कार्यकम में जिला पंचायत प्रतिनिधि मनोज रात्रे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगडे,मानेश जांगडे, दिनेश थवाईत, देवेंद्र यादव , शनि सूर्यवंशी, पंकज कुर्रे, सुभाष ओग्रे , संजय खांडे, कोमल ब्रहमभट्ट , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तेरस यादव, योगेश बघेल , विजय यादव, अशोक खूंटे , अमन जांगड़े, अवध बिहारी तिवारी, आस्था तिवारी, डिम्पी सिदार,नगर पंचायत के नागरिक महिला कमांडो टीम सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे ।



# जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेले में छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

एससीईआरटी रायपुर द्वारा संचालित बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी/पश्चिम भारत विज्ञान मेला/ विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता के अंतर्गत जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन, बिलासपुर में आयोजित में किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कुमुदिनी बाघ दिवेदी एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विज्ञान मेला जिला नोडल अधिकारी व्याख्याता छबि राठौर के मार्गदर्शन में सक्ती जिले के चारो विकासखंड से छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल ,विज्ञान क्लब ,एवं विज्ञान प्रश्नमंच,सहायक शिक्षण सामाग्री ,विज्ञान सेमिनार में जिले बाल वैज्ञानिकों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जोन स्तरीय विज्ञान मेला दिनाँक 29 अकटुबर से 30- अकटुबर तक शासकीय शिक्षा महा विद्यालय ,बिलासपुर में आयोजित किया गया । इस मेला में जैजैपुर ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के छात्रों ने बाल वैज्ञानिक के रूप में अपनी रचनात्मक का प्रदर्शन किया, जिसमें जल संरक्षण और प्रबंधन की विधा में रिवर क्लीनर का क्रिएटिव मॉडल साहिल यादव और मुस्कान बंजारे द्वारा तैयार किया गया था जो पूरे जोन में आकर्षण का विषय रहा। छात्रों की यह रचनात्मक सोच सभी को प्रभावित कर रहा था। इस मॉडल ने पूरे जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ टीम प्रोजेक्ट में कार्य करते हुए विद्यालय की छात्रा कविता चन्द्रा और एशिका आदिले द्वारा बनाया गया स्मोक डिटेक्टर और सेफ ड्राइव का मॉडल ने भी अपना पहचान जोन स्तर पर बनाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों ने मॉडल निर्माण का कार्य शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा और चंचला चन्द्रा के मार्गदर्शन में किया था। शिक्षक का भी प्रयास सराहनीय रहा है। प्रथम बार में ही छात्रों द्वारा यह उपलब्धि प्राप्त की गई जो पूरे विद्यालय के उत्साह को बढ़ा रही है।



# अपशब्द कहने पर सतनामी समाज के लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

सतनामी समाज के आराध्य बाबा गुरु घासीदास को अपशब्द कहने का मामला सामने आया है। इसको लेकर प्रदेश में सतनामी समाज के लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

■ थाना पामगढ़ में एफआईआर के लिए सौंपा ज्ञापन

कुछ दिनों पहले सतनामी समाज को अपमानित करने के नीयत से टीवी चैनल के माध्यम से सार्वजनिक रूप से गाय काटने वाले समाज कहने पर पामगढ़ के सतनामी समाज के लोग पामगढ़ थाना पहुंचकर गाली देने वाले युवक विजय राजपूत सिंधी और आदेश सोनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना से सतनामी समाज आहत और आक्रोशित है। वही सतनामी समाज के लोगों ने पामगढ़ थाना में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि आने वाले समय में इस तरह का कृत्य दोबारा ना हो और प्रदेश में सामाजिक समरसता बनी रहे। इस दौरान श्रीमती गौरी जांगड़े अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ, डमरू मनहर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज विभीषण पात्रे, शशिप्रताप टांडे अध्यक्ष ब्यापारी कल्याण संघ, कृष्णा रात्रे, देवचरण दिनकर, रोहित रत्नाकर, मुकेश रात्रे अध्यक्ष सतनामी सूर्यवंशी समाज पामगढ, सुभाष ओगरे, देव लहरे, गुहा राम खूंटे, शनि सूर्यवंशी, दिनेश खरे, सुखसागर ओगरे, योगेश बघेल रजनीकांत रत्नाकर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


थाना के सामने विरोध प्रदर्शन करते समाज के लोग।







